**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**14.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100बजे**

**ऊर्जा संरक्षण दिवस–राष्ट्रंपति**

आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस है। ये दिवस प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उर्जा दक्षता में राष्ट्र की उपलब्धियों को उजागर करना है। इस अवसर पर राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगी। वे ऊर्जा संरक्षण संबंधी राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगी।

---

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा मुहैया करवाने के उद्देश्य से सरकार ने स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय लिया है। शिमला में आयोजित कल समग्र शिक्षा के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणात्मक और बेहतर शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मिड डे मील के तहत बच्चों को बेहतर पोषण देने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

---

**एंटी चिट्टा अभियान**

ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने युवाओं से नशे के खिलाफ खुलकर आगे आने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया है। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू एंटी–चिट्टा अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना में आयोजित एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। इस कैंप में प्रदेश भर से चयनित एनएसएस के कुल 300 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

---

**मुख्यमंत्री शगुन योजना**

प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री शगुन योजना के अर्न्तगत किन्नौर जिले में सामाजिक सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। जिला कार्यक्रम अधिकारी जय

कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से किन्नौर जैसे जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा व जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है।

..............................................................................

**भारत–दक्षिण अफ्रीका**

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका तीसरे टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आमने–सामने होंगे। यह मैच शाम सात बजे शुरू होगा। अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी कौशल्या शर्मा..................

*धौलाधार की खुबसूरत पहाड़ियों के बीच धर्मशाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी–20 क्रिकेट मैच खेला जाएगा। भारत ने सीरीज़ की मज़बूत शुरुआत की, पहले मैच में उसने 101 रनों से शानदार जीत हासिल की, और लगभग हर क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत पक्की कर थी। हालाँकि, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे मैच में वापसी की और भारत को 51 रनों से हरा दिया। पांच मैचों की सीरीज़ अभी दोनों देश 1–1 मैच जीतकर बराबरी पर है। आज होने वाले मैच के रोमांचक होने की उम्मीद है। प्रशासन की ओर से स्टेडियम में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।*

..............................................................................

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कुल्लू व चंबा की उंची चोटियों पर हल्की बफवारी दर्ज की गई है। इस बर्फबारी से इन क्षेत्रों में ठंड बढ गई है। राज्य में बारिश न होने से फलों और फसलों पर विपरीत प्रभाव पड रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में लाहौल–स्पिति , किन्नौर, चंबा व कुल्लू के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी  की संभावना है वहीं राज्य के अन्य जिलों में मौसम साफ बना रहेगा।

..............................................................................